UPDESC-SW0SVYS/1/2023-SWUPDES I/732438/2026

updesco

सन्दर्भ संख्या:- D/26-27/1991
दिनांक:- 14/08/2026

सेवा में,

1. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग, प्राविधिक शिक्षा विभाग; व्यावसायिक शिक्षा/कौशल विकास मिशन; चिकित्सा शिक्षा विभाग; सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम; पशुधन विभाग; कृषि विभाग; कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग;संस्कृति विभाग; दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग; बेसिक शिक्षा विभाग, उ०प्र० शासन।
2. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
3. कुलपति,
इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज; अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़; बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ; बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय, वाराणसी; केन्द्रीय तिब्बती अध्ययन विश्वविद्यालय, वाराणसी; राजीव गाँधी नेशनल एवीएशन विश्वविद्यालय, फुरसतगंज, अमेठी; नेहरु ग्राम भारती, प्रयागराज; उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ़ फोरेंसिक साइंस, लखनऊ; लाल बहादुर शास्त्री पैरामेडिकल कौशल और प्रशिक्षण परिषद, मेरठ; केंद्रीय उच्च तिब्बती अध्ययन संस्थान, वाराणसी, उत्तर प्रदेश।

**विषय:- स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत "डिजीशक्ति पोर्टल" पर सत्र 2026-27 में नवीन छात्रों के डाटा को अपलोड करने हेतु पोर्टल को खोले जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

आप अवगत ही हैं कि शासनादेश संख्या 975/77-1-2022-156/2021 दिनांक 18 जुलाई, 2022 के अनुपालन में प्रदेश के युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण योजना लागू की गयी है जिसके क्रम में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग की ओर से यूपीडेस्को नोडल संस्था के रूप में कार्यरत है।उक्त योजना के क्रियान्वयन हेतु यूपीडेस्को स्तर से डिजीशक्ति पोर्टल का विकास कर संचालन किया जा रहा है।

2. उल्लेखनीय है कि वर्तमान में डिजिशक्ति पोर्टल पर सत्र 2024-25 एवं 2025-26 के छात्र-छात्राओं के डाटा को अपलोड किए जाने का प्रविधान उपलब्ध है।समस्त विश्वविद्यालयों/बोर्ड/सोसाइटी/परिषद में नवीन सत्र 2026-27 प्रारंभ हो चुका है साथ ही कतिपय विश्वविद्यालयों/बोर्ड/सोसाइटी/परिषद स्तर से नवीन छात्र-छात्राओं को एनरोलमेंट नंबर भी अलॉट कर दिया गया है।इस संबंध में डिजिशक्ति पोर्टल पर सत्र 2026-27 के नवीन छात्र-छात्राओं को पोर्टल पर अपलोड

उत्तर प्रदेश डेवलपमेंट सिस्टम्स कारपोरेशन लिमिटेड
(उ. प्र. सरकार का उपक्रम)
अपट्रान बिल्डिंग, निकट गोमती बैराज, गोमती नगर, लखनऊ- 226010 दूरभाष: 0522-2307803
ई-मेल : mdupdesco.up@gmail.com|website : www.upite.gov.in/UPDESCO

किये जाने हेतु प्रविधान दिनांक 01.09.2026 से उपलब्ध कराया जाना निर्धारित किया गया है।

3. उक्त के सन्दर्भ में आपके अंतर्गत आने वाले समस्त संस्थानों से अपेक्षित है कि दिनांक 01.09.2026 से पूर्व, सत्र 2026-27 का डाटा डिजीशक्ति पोर्टल पर दिये गये निर्धारित फार्मेट में भरकर तैयार रखें जिससे डाटा अपलोड करने हेतु पोर्टल खुलते ही नवीन डाटा ससमय अपलोड किया जा सके।

कृपया उक्तवत अवगत होते हुये अपने विभाग/जनपद/विश्वविद्यालयों के अन्तर्गत आने वाले समस्त संस्थानों के नोडल अधिकारियों को सूचित करने के लिये विभाग/जनपद/विश्वविद्यालय स्तर के इस योजना से सम्बन्धित नोडल अधिकारी को निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

Digitally signed by
SAMEER VERMA
Date: 12-08-2026
18:55:01

(समीर)

प्रबन्ध निदेशक

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. अपर मुख्य सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग, उ.प्र. शासन।
2. प्रमुख सचिव, आई.टी. एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग, उ.प्र. शासन।
3. नोडल अधिकारी, योजना से अच्छादित समस्त विश्वविद्यालय/बोर्ड/सोसाइटी/काउंसिल को ई-मेल के माध्यम से।

(समीर)

प्रबन्ध निदेशक

संख्या-1461 /सत्तर-1-2026

प्रेषक,

शकील अहमद सिद्दीकी,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. कुलसचिव,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
उ0प्र0।
2. निदेशक,
उच्च शिक्षा,
प्रयागराज, उ0प्र0।
3. अपर सचिव,
उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद,
लखनऊ।

उच्च शिक्षा अनुभाग-1 लखनऊ: दिनॉक:08 सितम्बर, 2026

**विषय- स्वामी विवेकानन्द युवासशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत "डिजीशक्ति पोर्टल" पर सत्र 2026-27 में नवीन छात्रों के डाटा को अपलोड करने हेतु पोर्टल को खोले जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश डेवलपमेंट सिस्टम्स कारपोरेशन लिमिटेड(updesco), लखनऊ के पत्र संख्या-D/26-27/1991 दिनांक 14.8.2026 (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा विभाग/जनपद/विश्वविद्यालयों के अन्तर्गत आने वाले समस्त संस्थानों के नोडल अधिकारियों को सूचित करने के लिये सम्बन्धित नोडल अधिकारी को निर्देशित करने का अनुरोध किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया संलग्न पत्र में की गई अपेक्षानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए योजना से सम्बन्धित नोडल अधिकारी को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोक्त

भवदीय,

Digitally signed by
Shakil Ahmad Siddiqui
Date: 07-09-2026 11:17:41
(शकील अहमद सिद्दीकी)
संयुक्त सचिव